**Atul Tutorials Pvt. Ltd.**

**Kothrud |Aundh |Sangvi |Rt Bhusari|Pimle Saudagar**

# प्रीलिम्स 1 हिंदी ए

## Class 10 - हिंदी ए

**निर्धारित समय: 3 hours** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- - इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- - इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- - खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- - खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- - खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- - खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- - प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

## खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[7]**

शिक्षा और गुरु के माध्यम से ही अपने आंतरिक गुणों को हम प्रकाश में लाते हैं। यदि धर्म के मार्ग पर चलकर मानव विज्ञ बनता है। तो वह अपने जीवन के मार्ग के विकास के लिए अनवरत लगकर जीवन को सफल बनाता है और सम्यक ज्ञान, गुण, धर्म से अपने जीवन को ब्रह्म से जोड़कर करोड़ों जन्मों के कर्मों से मुक्ति प्राप्त करता है, किन्तु यह शिक्षा के द्वारा ही संभव है। शिक्षा भी दो माध्यमों से मिलती है। एक जीविकोपार्जन का माध्यम बनती है तथा दूसरी से जीवन-साधना संभव होती है। दोनों में परिपूर्णता गुरु के माध्यम से ही होती है। जीविकोपार्जन की शिक्षा पाकर यह संसार बड़ा सुखमय प्रतीत होता है और जलते हुए दीपक के प्रकाश जैसा वह बाहरी जीवन में प्रकाश पाता है। दूसरी शिक्षा पाने के लिए सद्गुरु की तलाश होती है। वह सद्गुरु कहीं भी कोई भी हो सकता है, जैसे तुलसीदास की सच्ची गुरु उनकी पत्नी थी, जिनकी प्रेरणा से उनके अंतर्मन में प्रकाश भर गया और सारे विकार धुल गए। मन स्वच्छ हो गया। अपने दुर्लभ जीवन को सफल बनाकर हमेशा-हमेशा के लिए सुखद जीवन जिए। ऐसे ही ब्रह्म-ज्ञान व आत्मनिरूपण की सच्ची शिक्षा के बिना सार्थक जीवन नहीं मिलता। सच्चा ज्ञान मुक्ति का मार्ग है।

1. व्यक्ति करोड़ों जन्मों के कर्मों से कैसे मुक्ति पाता है? (1)

   (क) धर्म के मार्ग पर चलकर

   (ख) कर्मों से मुक्ति प्राप्त कर

(ग) अपने जीवन को ब्रह्म से जोड़कर
(घ) जीवन को सफल बनाकर

2. हम अपने आन्तरिक गुणों को कैसे प्रकाश में लाते हैं? (1)
(क) शिक्षा और गुरु के माध्यम से।
(ख) धर्म और ज्ञान के मार्ग पर चलकर
(ग) जीविकोपार्जन की शिक्षा पाकर
(घ) दुर्लभ जीवन को सफल बनाकर

3. तुलसीदास की गुरु कौन थीं? (1)
(क) तुलसीदास की बहन
(ख) तुलसीदास की दादी
(ग) तुलसीदास की माता
(घ) तुलसीदास की पत्नी

4. शिक्षा किन-किन माध्यमों से मिलती है? (2)

5. जीविकोपार्जन की शिक्षा से मनुष्य को क्या प्राप्त होता है? (2)

2. **निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

वह जो भावों से परिपूर्ण झूठे भवन के आधार
की कल्पना है। आज के युग में अभावों से परिपक्व मानव की विडम्बना है।
कण-कण भावहीन है,
फिर भी भावों के प्रभाव का ही नाम जपना है।
शरीर, मन, आत्मा सब पराई है,
केवल धन ही अपना है।
भ्रष्टाचार में लिप्त !
आत्मा की आवाजों को सुनना, एक पागलपन है।
सत्य, अहिंसा, प्रेम नहीं आज के आदर्श,
बल्कि लोभ, लालच और कमाना है।
मन में विदेश सुख की आस है,
और पराया देश ही अपना है।
ओ ! धनवृत्ति को आतुर नयन,
देशप्रेम केवल एक विडम्बना है।

i. आज के मानव के आदर्श कौन-कौन से हैं? (1)
(क) लोभ
(ख) लालच
(ग) धन का उपार्जन
(घ) उपरोक्त सभी

ii. कवि ने कविता में किसकी ओर संकेत किया है? (1)
(क) देश में वर्तमान में फैले भ्रष्टाचार की ओर
(ख) सत्य, अहिंसा, प्रेम की और
(ग) लोभ, लालच की ओर
(घ) झूठे भवन की ओर

iii. कवि ने किसे विडम्बना कहा है? (1)
(क) धन को
(ख) भ्रष्टाचार को
(ग) देशप्रेम को
(घ) आदर्श को

iv. आज के धन-लोलुप के लिए आत्मा की आवाज सुनना पागलपन क्यों है? (2)

v. वर्तमान में मानव की क्या स्थिति हो गई है? (2)

## खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण

3. **निर्देशानुसार किन्हीं चार के उत्तर लिखिए:** **[4]**

i. गौरैया ने तिनका-तिनका जोड़कर घर बनाया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ii. हमें फिल्म देखनी थी इसलिए सिनेमाघर गए। (सरल वाक्य में बद्लिए)

iii. झूठ बोलने वालों पर कोई विश्वास नहीं करता। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

iv. पिताजी को अहसास नहीं था कि दोनों का रास्ता टकराहट का है। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

v. मोहनदास, गोकुलदास सामान निकालकर बाहर रखते जाते थे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)

4. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए - (1x4=4)** **[4]**

i. माँ द्वारा भिखारी को भोजन दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

ii. वह कालीन बुनता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

iii. आओ, अब चलते हैं। (भाववाच्य में बदलिए)

iv. पुलिस के द्वारा चेतावनी दी गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

v. फुरसत में मैना खूब रियाज़ करती है। (कर्मवाच्य में)

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए- (1x4=4)** **[4]**

i. हम पार्क में गए परंतु वहाँ कोई बच्चा न मिला।

ii. हम जीवन में सोचते कुछ हैं, परंतु होता कुछ और है।

iii. ये बच्चे सुबह-शाम पार्क में व्यायाम करते हैं।

iv. कृष्ण की सुंदर आकृति सबको मोह लेती है।

v. वाह! भारत मैच जीत गया।

6. निम्नलिखित काव्यांशों के अलंकार भेद पहचान कर लिखिए- (किन्हीं चार) **[4]**

i. हरि पद कोमल कमल से।

ii. राम नाम मनि-दीप धरु, जीह देहरी दवार,
एक राम घनश्याम हित चातक तुलसीदास।

iii. पायो जी मैंने राम रतन धन पायो

iv. हनुमान के पूँछ में लग न सकी आग लंका सिगरी जल गई, गए निशाचर भाग।

v. मेघ आये बड़े बन-ठन के संवर के।

## खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

आसाढ़ की रिमझिम है। समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है। कहीं हल चल रहे हैं, कहीं रोपनी हो रही है। धान के पानी-भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं। औरतें कलेवा लेकर मेंड़ पर बैठी हैं। आसमान बादल से घिरा, धूप का नाम नहीं है, ठंडी पुरवाई चल रही है। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार-सी कर उठी। यह क्या है-यह कौन है! यह पूछना न पड़ेगा।

बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े, अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं। उनकी अँगुली एक-एक धान के पौधे को, पंक्तिबद्ध, खेत में बिठा रही है। उनका कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर! बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं, मेंड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठते हैं, वे गुनगुनाने लगती हैं, हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते हैं, रोपनी करने वालों की अँगुलियाँ एक अजीब क्रम से चलने लगती हैं! बालगोबिन भगत का यह संगीत है या जादू!

(i) गद्यांश के आधार पर बताइए कि भगत के संगीत के जादू का प्रभाव किस-किस पर पड़ता है?

| | |
|---|---|
| क) आस-पास खेलते बच्चों पर | ख) सभी विकल्प सही हैं |
| ग) किसानों पर | घ) मेंड़ पर खड़ी औरतों पर |

(ii) बालगोबिन भगत के संगीत को क्या कहा गया है?

| | |
|---|---|
| क) रहस्य | ख) सभी विकल्प सही हैं |
| ग) जादू | घ) संगीत |

(iii) भगत के संगीत को सुन हलवाहों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

क) झूम उठते हैं
ख) हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते हैं
ग) इनमें से कोई नहीं
घ) हलवाहे गाने लगते हैं

(iv) भगत अपने संगीत का प्रभाव बढ़ाने के लिए क्या करते थे?

क) स्वर को नीचा करते थे
ख) इनमें से कोई नहीं
ग) स्वर को ऊँचा-नीचा करते थे
घ) स्वर को ऊँचा करते थे

(v) **लिथड़े** तथा **कीचड़** कैसे शब्द हैं?

क) विदेशज
ख) तत्सम
ग) तद्भव
घ) देशज

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

(i) **भई खूब! क्या आइडिया है।** इस वाक्य को ध्यान में रखते हुए बताइए कि एक भाषा में दूसरी भाषा के शब्दों के आने से क्या लाभ होते हैं? **[2]**

(ii) **एक कहानी यह भी** की लेखिका के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? **[2]**

(iii) नवाब साहब ने खीरों को सूँघा और खिड़की से बाहर फेंक दिया। नवाब साहब के इस व्यवहार को उचित या अनुचित कैसे ठहराएँगे? **[2]**

(iv) लोग संस्कृति और सभ्यता को ठीक-ठीक समझने में अभी भी भूल क्यों करते हैं? **[2]**

## खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की?
छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ?
क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ?
सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्म-कथा?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

(i) कवि ने अपने जीवन को कैसा बताया है?

क) बड़ा
ख) छोटा
ग) भरा हुआ
घ) बच्चा

(ii) कवि ने किसे संजो कर रखा है?

क) अपने जीवन को
ख) नई यादों को

ग) पुरानी यादों को　　　　घ) बड़ी कथाओं को

(iii) कवि आत्मकथा क्यों नहीं लिखना चाहता?

क) क्योंकि वह बहुत खुश है　　　　ख) क्योंकि उसका जीवन सुख से भरा हुआ है

ग) क्योंकि उसने जीवन में कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं की　　　　घ) क्योंकि उसका मन नहीं है

(iv) पद्यांश में कवि ने किसे अच्छा माना है?

क) अपने दुःख को　　　　ख) अपनी आत्मकथा लिखने को

ग) अपने जीवन को　　　　घ) दूसरों की आत्मकथा सुनने को

(v) **थकी सोई है मेरी मौन व्यथा-** कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

क) क्योंकि वे अपने दुखद क्षणों को याद करना चाहते हैं　　　　ख) क्योंकि वे स्वयं बहुत सुखी हैं

ग) क्योंकि वे अपने मित्रों को खुश देखना चाहते हैं　　　　घ) क्योंकि वे अपने अतीत को कुरेद कर दुखी नहीं होना चाहते

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

(i) **अट नहीं रही है** कविता में प्रकृति में परिवर्तन के जो दृश्य कवि को मंत्रमुगध कर रहे है उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। **[2]**

(ii) बच्चे की दंतुरित मुस्कान का किस-किस पर क्या-क्या प्रभाव पड़ता है? यह **दंतुरित मुस्कान** कविता के आधार पर लिखिए। **[2]**

(iii) संगतकार कविता के आधार पर बताइए कि संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं? **[2]**

(iv) **सूरदास के पद** के अनुसार गोपियों का धैर्य क्यों टूटने लगा? **[2]**

## खंड ग - कृतिका (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[8]**

(i) **माता का अँचल** नामक पाठ में लेखक ने तत्कालीन समाज के पारिवारिक परिवेश का जो चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए। **[4]**

(ii) लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया? **[4]**

(iii) बार्डर एरिया में छावनी पर **वी गिव अवर टुडे फॉर योर टुमारो** को पढ़कर लेखिका का मन उदास क्यों हो गया? **साना-साना हाथ जोड़ि** पाठ के आधार पर लिखिए। **[4]**

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[6]**

(i) **बाल दिवस** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

(ii) **आज़ादी का अमृत महोत्सव** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

- आजादी की 75वीं वर्षगाँठ
- विभिन्न गतिविधियों का संगम
- स्वतंत्रता सेनानियों का परिचय/स्मरण

(iii) **लोकतंत्र और चुनाव** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

- लोकतंत्र से तात्पर्य
- चुनाव का महत्त्व
- सही प्रतिनिधि के चुनाव से लोकतंत्र की रक्षा

13. आप जिस बस में यात्रा कर रहे थे, उसके चालक ने अत्यंत सराहनीय कार्य किया। बस चालक के प्रशंसनीय व्यवहार की सूचना देते हुए दिल्ली परिवहन निगम के महाप्रबंधक को पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आपके पिताजी का तबादला दूसरे शहर में हो गया है। आप अपने मित्र को नए शहर की सुन्दरता का वर्णन करते हुए पत्र लिखिए।

14. भारतीय स्टेट बैंक मुंबई के महाप्रबंधक को लिपिक पद के लिए स्ववृत सहित आवेदन-पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आप दिनेश/सृष्टि हैं। आपके मुहल्ले में पानी की आपूर्ति बाधित है, अतः जल उपलब्ध कराने के लिए जल आपूर्ति-विभाग के अध्यक्ष को लगभग 80 शब्दों में शिकायती ई-मेल लिखिए।

15. प्रकृति क्लब के द्वारा तैयार की गई जैविक खाद की बिक्री के लिए लगभग 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। **[4]**

अथवा

आप अपने क्षेत्रवासियों की ओर से नवनिर्वाचित विधायक को बधाई संदेश दीजिए।